हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

12 11 हट्टा बाजार में स्पीड ब्रेकर न होने से रहता है हादसे का खतरा



12 उड़ान 2.0 ने भरी बेटियों की उम्मीदों को नई उड़ान



## खबर संक्षेप

### बसपा ने की कनीना में अटल कैंटीन खोलने की मांग

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने सरकार से कनीना अनाज मंडी में अटल कैंटीन खोलने की मांग की है। अतरलाल ने गांव भोजावास, गोमला, गोमली, मोड़ी, सुन्दरह में किसानों की समस्याएं सुनते हुए उक्त मांग उठाई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश की अनेक अनाज मंडियों में अटल कैंटीन स्थापित की हुई है।

### कनीना नपा में तीसरे दिन भी नहीं आया नामांकन

**कनीना।** नगर पालिका के वार्ड संख्या 14 में होने वाले उपचुनाव को लेकर जारी नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन भी नामांकन केंद्र पर कोई नामांकन पत्र नहीं आया। चुनाव रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है, लेकिन शाम तक किसी भी उम्मीदवार ने पर्चा नहीं भरा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विस्तृत दैनिक रिपोर्ट उपायुक्त व राज्य निर्वाचन आयोग पंचकूला को प्रेषित कर दी गई है।

### हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने पकड़ा

**कनीना।** शहर थाना पुलिस कर्मचारियों ने राजस्थान के सूरजगढ़ थाना के एक बहुत पुराने लूट के मामले में फरार चल रहे उद्घोषित अपराधी को काबू किया है। थाना इंचार्ज एसआई राकेश कुमार ने बताया कि आरोपित की पहचान हिस्ट्रीशीटर मनजीत निवासी उन्हाणी के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि मनजीत थाना शहर कनीना का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ अलग अलग थानों में हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, लड़ाई झगड़े, आर्म्स एक्ट के तहत करीब 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर निःशुल्क टीकाकरण आज

**महेंद्रगढ़।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय की ओर से विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर 24 अप्रैल को हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र रिवासा में पशु ज्ञान दिवस के तहत निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. योगेंद्र सिंह यादव ने बताया कि शिविर में कुत्तों सहित अन्य पालतु पशुओं को एंटी-रेबीज टीके लगाए जाएंगे।

### शिविर में 55 नागरिकों ने रखी समस्याएं

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय में 55 नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी। इस अवसर पर एसडीएम आईएएस अनिरुद्ध यादव ने शिकायतें सुनी। शिविर में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बिजली, पानी, पुलिस संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई।

# प्रदेश अध्यक्ष बोले...हमने मंजूर भी कर लिया इस्तीफा, किशन वशिष्ठ ने किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

■ राजनीति बयानबाजी बनी रोड़ा

हरियाणा व्यापार मंडल ने महेंद्रगढ़ जिला इकाई का जिला अध्यक्ष पद वैद्य किशन वशिष्ठ को सौंपा हुआ है। ऐसा भी नहीं है कि वह व्यापार हित में आवाज नहीं उठाते। समय समय पर व्यापारी हित में आवाज भी उठाई गई। इसी बीच राजनीति बयानबाजी भी कर दी। भाजपा में रहकर भाजपा के ही दो नेता के खिलाफ राजनीति बयान देना अब उन्हें भारी पड़ गया है। हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने इस्तीफा मिलने और इस्तीफे को मंजूर करने तक की बात कही है। वहीं खुद वैद्य किशन वशिष्ठ जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा अभी नहीं देने का दावा कर रहे है। जानकारी के मुताबिक अगस्त 2025 से पहले हरियाणा व्यापार मंडल का जिला अध्यक्ष वैद्य किशन वशिष्ठ को नियुक्त किया था। उसके बाद अगस्त 2025 में बतौर जिला अध्यक्ष किशन वशिष्ठ ने जिला व्यापार मंडल की बैठक बुलाई और अन्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित कर व्यापार मंडल का विस्तार किया। उस वक्त घोषित कार्यकारिणी में चार संरक्षक, 11 उपाध्यक्ष, छह महामंत्री, पांच मंत्री, एक संगठन मंत्री व एक कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं व्यापारी हित में किशन वशिष्ठ ने अनेक बार आवाज उठाई। चाहे बाजार सड़क में देरी का विषय हो, पॉलीथिन चालान की बात हो या फिर प्रशासन की ओर अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारी हित की बात हो। हर बार आवाज उठाई, जिससे व्यापारी वर्ग में भी एक आस जगी थी कि उनके व्यापार की रक्षा करने के लिए इस बार प्रधान का चयन सही हुआ है।

> हरियाणा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पद संभाले हुए थे किशन वशिष्ठ

### आशंकाः सत्ता पक्ष के खिलाफ ही की थी राजनीति बयानबाजी

एक निजी स्कूल में कार्यक्रम के दौरान राव इंद्रजीतसिंह की मौजूदगी में वैध किशन वशिष्ठ ने एक पूर्व मंत्री के खिलाफ राजनीति बयानबाजी की थी। उन्होंने कहा था कि कहां राजा भोज कहां गंगूतेली। वह यहीं नहीं रूके, कुछ दिनों बाद ही केबिनेट मंत्री राव नरबीरसिंह के खिलाफ भी प्रेसवार्ता कर राजनीति बयानबाजी की। इस प्रेसवार्ता में उन्होंने राव इंद्रजीत सिंह का समर्थन करते हुए कहा था कि हरियाणा के मानचित्र पर राव नहीं तो कुछ नहीं है। रामपुरा हाउस और राव इंद्रजीत सिंह अपने आप में एक अध्याय है। मोदी के बाद अगर ईमानदारी की चर्चा होती है तो वह राव इंद्रजीत सिंह है। इस प्रेसवार्ता में उनके शब्द यह भी थे कि सामाजिक प्राणी होने के नाते, जिला व्यापार मंडल का जिला प्रधान होने के नाते आदरणीय मंत्री राव नरबीरसिंह से हाथ जोड़कर विनम्र निवेदन करता हूं कि अपनी भाषा तो ठीक करिएं। व्यापार मंडल के जिला प्रधान पद पर होने के नाते अब यह राजनीति बयानबाजी उनके लिए भारी पड़ती दिखाई दे रही है।

### अभी नहीं दिया इस्तीफा : वशिष्ठ



सूत्र बताते है कि इस तरह की राजनीति बयानबाजी से हरियाणा व्यापार मंडल में नाराजगी है। कई बार उनके बयान चर्चा का विषय बने और संगठन की छवि पर भी असर पड़ा। इस तरह से भी उन पर इस्तीफा देने का दबाव है। हालांकि इस बारे में जब वैद्य किशन वशिष्ठ से बातचीत की गई तो उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने कोई इस्तीफा नहीं दिया है। ना ही कोई दबाव है। 28 अप्रैल को बैठक है। उसके बाद ही आगामी निर्णय लिया जाएगा।

### प्रदेश अध्यक्ष बोले-दिया इस्तीफा, हमने मंजूर भी किया

हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विजय लक्ष्मीनंद गुप्ता से हरिभूमि ने इस संबंध में बातचीत की। महेंद्रगढ़ जिला कार्यकारिणी भंग कर दी गया? इस सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हमारे वैद्य किशन वशिष्ठ वहां के जिला अध्यक्ष थे। राजनीति कारणों के चलते उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हमारा व्यापार मंडल एक गैर राजनीति संगठन है। पीछे एक दो घटनाएं ऐसी हुई भी थी। उन्होंने इसके चलते अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हरिभूमि ने सवाल किया कि क्या आपको उनका इस्तीफा मिल गया है? इस सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हां, इस्तीफा मिल गया है और हमने इस इस्तीफे को स्वीकार भी कर लिया है।

## 14 से 15 वर्ष की छात्राओं को मिलेगी निःशुल्क गार्डेसिल 4 वैक्सीन

# जिले में बेटियों के लिए 'सुरक्षा कवच' बनेगा एचपीवी टीकाकरण

» सर्वाइकल कैंसर से मिलेगी जीवनभर सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में स्कूली छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान की शुरुआत की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए विशेष एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान लागू करने के आदेश दिए हैं। यह अभियान जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में समान रूप से संचालित किया जाएगा।

इस अभियान के तहत उन सभी छात्राओं को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूरी कर ली है और 15 वर्ष से कम आयु की हैं। स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से चलने वाला यह कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से आगामी तीन माह के भीतर पूरा किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत पात्र छात्राओं को भारत सरकार द्वारा अनुमोदित 'गार्डासिल 4' वैक्सीन पूरी तरह निःशुल्क लगाई जाएगी। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारण माने जाने वाले ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से सुरक्षा प्रदान करती है। विशेषज्ञों के अनुसार यह टीका अत्यंत सुरक्षित है और इसके दुष्प्रभाव सामान्यतः बहुत हल्के होते हैं, जैसे इंजेक्शन स्थल पर हल्का दर्द या कभी-कभी हल्का बुखार।



### पात्र किशोरियों को केवल एक ही दी जाएगी खुराक

इस टीकाकरण कार्यक्रम की एक विशेष बात यह है कि पात्र किशोरियों को केवल एक ही खुराक (सिंगल डोज) दी जाएगी। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए इसका डिजिटल रिकॉर्ड यू-विन पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा तथा टीकाकरण के बाद डिजिटल प्रमाण पत्र भी जारी किया जाएगा। टीकाकरण से पहले अभिभावकों की सहमति अनिवार्य की गई है। इसके लिए विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ओटीपी आधारित डिजिटल सहमति या लिखित अनुमति प्राप्त करें। सभी स्कूलों को पात्र छात्राओं की सूची तैयार कर शीघ्र संबंधित कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि किशोरावस्था में एचपीवी वैक्सीन लगवाने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। यह बीमारी भारत में महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर मानी जाती है।

### क्या कहते हैं डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि शिक्षा विभाग अभिभावकों से अपील कर रहा है। वे इस जनहित और जीवन रक्षक अभियान में सक्रिय सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की भ्रांतियों से दूर रहते हुए अपनी बेटियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य के लिए टीकाकरण अवश्य करवाएं।

### किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी वैक्सीन जरूरीः डीसी

**महेंद्रगढ़।** डीसी अनुपमा अंजलि ने जिले के अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए हेतु ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन अवश्य लगवाएं। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन सरकार की ओर से निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है और इसका उद्देश्य बेटियों को गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। डीसी ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा स्कूल स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि किशोरियों और उनके अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व के बारे में सही जानकारी दी जाए। इस संबंध में प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीरवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें अभियान की प्रगति की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी अनुपमा अंजलि ने बताया कि यह टीकाकरण अभियान मुख्य रूप से 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए चलाया जा रहा है। यह वैक्सीन एचपीवी के टाइप-16 व 18 से सुरक्षा प्रदान करती है, जो सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारण माने जाते हैं, साथ ही टाइप-6 व 11 से भी बचाव करती है। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से (सर्विक्स) में विकसित होने वाला कैंसर है, जिसका मुख्य कारण एचपीवी संक्रमण है।

# डीसी ने नपा कार्यालय का किया निरीक्षण



महेंद्रगढ़। कार्यालय का निरीक्षण करती डीसी अंजली अनुपमा। *फोटो : हरिभूमि*

**महेंद्रगढ़।** उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने वीरवार को नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एसडीएम योगेश सैनी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों में संभावित अनियमितताओं, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। चेयरमैन रमेश सैनी से भी शहर में चल रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। नगर पालिका प्रधान की ओर से समय समय पर अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए गए थे। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए, शहर में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुचारु रखी जाए तथा सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### प्रबंधक के अभाव में पैक्स की कार्यप्रणाली ठप

**मंडी अटेली।** दी कोऑपरेटिव सोसायटी पैक्स में प्रबंधक नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं व किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार नारनौल सोसायटी के प्रबंधक 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जिसके बाद से यह पद रिक्त पड़ा हुआ है। प्रबंधक के अभाव में सोसायटी के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं और लेन देन की प्रक्रिया भी सुचारू रूप से नहीं चल पा रही। बताया जा रहा है कि इस पैक्स के अंतर्गत करीब 40 गांवों के किसानों का आर्थिक लेन देन होता है। हर वर्ष अप्रैल माह में किसानों की ओर से लिए गए ऋण और अन्य लेन देन का आदान प्रदान किया जाता है, लेकिन इस बार स्थायी कर्मचारी व प्रबंधक की कमी के कारण सभी कार्य बाधित हो रहे हैं। इस स्थिति से किसानों को समय पर सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। जिससे उनकी आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। क्षेत्र के नागरिकों व किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पैक्स में प्रबंधक की नियुक्ति करने की मांग की है, ताकि कार्य व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जा सके।

# कनीना में उपचुनाव के मद्देनजर शस्त्र जमा कराने के आदेश

■ कनीना वार्ड 14 व विभिन्न गांवों में सुरक्षा के मद्देनजर धारा 163 लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले के विभिन्न गांवों व कनीना नगर पालिका के वार्ड नंबर 14 में आगामी 10 मई को होने वाले उपचुनावों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधीश अनुपमा अंजलि ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिला की सीमाओं के भीतर आग्नेयास्त्र और गोला बारूद ले जाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। चुनावी प्रक्रिया संपन्न होने तक प्रभावी रहने वाले इन आदेशों के तहत सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों को अपने हथियार संबंधित पुलिस थानों या अधिकृत शस्त्र डीलरों के पास अनिवार्य रूप से जमा कराने होंगे। यह निर्देश विशेष रूप से फतेहपुर, छिथरोली, स्याना, खुडाना, बूढ़वाल और कनीना वार्ड.14 सहित उन सभी क्षेत्रों के लिए जारी किए गए हैं, जहां मतदान होना है। प्रशासन की ओर से जारी दिशानिर्देशों के अनुसार केवल ड्यूटी पर तैनात वर्दीधारी पुलिस, सैन्य व अर्धसैनिक बलों के कर्मियों, बैंक सुरक्षा गार्डों और खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकृत खिलाड़ियों को ही नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी। अन्य किसी भी स्थिति में हथियार रखने की आवश्यकता होने पर लाइसेंस धारक जिला प्रशासन की ओर से गठित विशेष स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।



### खेड़ा की बेटी विशेष यादव बनी लेफ्टिनेंट

**महेंद्रगढ़।** गांव खेड़ा की निवासी स्वर्गीय गुलजारीलाल एवं भगवानी देवी की पौत्री विशेष यादव को भारतीय सेना की मिलिट्री नर्सिंग सर्विस के अंतर्गत कोलकाता स्थित ईस्टर्न कमांड में लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन प्रदान किया गया है। विशेष यादव ने लगातार चार वर्षों के कठोर, अनुशासित और समर्पित प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की। उनकी यह सफलता उनकी मेहनत, दृढ़ संकल्प और सेवा-भाव का प्रतीक मानी जा रही है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर पिता गजराज सिंह, माता सरदीप कुमारी सहित चाचा रविंद्र कुमार, चाची सरिता यादव, भाई जयवीर सिंह, भाभी पारुल यादव व अन्य परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अवैध निर्माण पर डीटीपी सख्तः 4 निर्माण पर कार्रवाई, एक फैक्ट्री पर लगाई सील

■ चार अवैध निर्माण पर की गई कार्रवाई, चारदीवारी और टीनशेड तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। फैक्ट्री गेट पर सील लगाता कर्मचारी, अवैध निर्माण हटाती जेसीबी मशीन।

जिला नगर योजनाकार की टीम ने वीरवार को शहरी एवं नियंत्रित क्षेत्र महेन्द्रगढ़ में राजस्व सम्पदा बुन्देबाज नगर में महेन्द्रगढ़ से अटेली रोड पर चार अवैध निर्माण पर कार्रवाई की। जिसमें दो चारदीवारी व दो टीनशेड पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई तथा एक फैक्ट्री (पीपी इन्ट्राप्राईजस) को सील किया गया। यह पूरी कार्रवाई सहायक नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग की अगुवाई में जिला प्रशासन के साथ अमल में लाई गई। सहायक नगर योजनाकार मन्दीप सिंह सिहाग ने लोगों से अपील की है कि नियनत्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें तथा महानिदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा चण्डीगढ़, से लाइसेंस/सीएलयू अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें।

# फ्रांस में होने वाले सम्मेलन में भाग लेगी नेहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



शहर निवासी कुमारी नेहा शर्मा का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फ्रांस में आयोजित होने वाली बैठक में चयन होने पर जिला गौड़ ब्राह्मण सभा ने हर्ष व्यक्त किया है। सभा के प्रधान राकेश मेहता व सचिव कृष्ण शर्मा ठेकेदार ने कहा कि विप्र समाज की बेटी नेहा शर्मा की यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने नेहा शर्मा को बधाई देते हुए उनके माता दमयंती देवी व पिता मदनलाल शर्मा एडवोकेट निहालावास वाले को बधाई दी। राकेश मेहता ने बताया कि नेहा शर्मा वर्तमान में वनस्थली विद्यापीठ राजस्थान से विज्ञान विषय में पीएचडी कर रही हैं, जो शीघ्र ही पूर्ण होने वाली है। उन्होंने बताया कि नेहा एक प्रतिभावान युवा वैज्ञानिक व शोधकर्ता हैं। गत वर्ष 2025 में भारत सरकार की ओर से पर्यावरण एवं स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों के समाधान हेतु आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन में भी नेहा शर्मा का चयन हुआ था, जहां उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रेजेंटेशन अवार्ड प्राप्त हुआ। नेहा शर्मा की प्रतिभा को देखते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की ओर से उन्हें भारत सरकार के खर्चे पर फ्रांस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए चुना गया है। यह सम्मेलन 25 से 28 अप्रैल तक फ्रांस में आयोजित होगा। इस दौरान उनकी हवाई यात्रा व अन्य सभी खर्च भारत सरकार द्वारा वहन किए जाएंगे। नेहा शर्मा की इस सफलता पर विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, पूर्व मंत्री कैलाश शर्मा, पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, पूर्व विधायक सीताराम यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र यादव, पूर्व अध्यक्ष गोविंद भारद्वाज, रोशनलाल गौड़ ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## फाल्ट आने पर पांचों गांव की बिजली सप्लाई हो जाती है बाधित

# डालनवास में नए सब स्टेशन की मंजूरी, 4 गांवों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव डालनवास में बिजली विभाग के नए सब स्टेशन बनाए जाने की मंजूरी मिल गई है। गांव डालनवास में बिजली की सप्लाई बारड़ा स्थित पावर हाउस से आती है। बारड़ा स्थित पावर हाउस से गांव बारड़ा, डिगरोता, डालनवास, गादडवास व माधोगढ़ को बिजली की सप्लाई होती है। इनमें से किसी भी गांव में थोड़ा सा भी फाल्ट आने पर पांचों गांव की बिजली सप्लाई बाधित हो जाती है। साथ ही बारड़ा पावर हाउस ओवरलोड हो रखा है, जिससे बार बार सप्लाई बाधित रहती है तथा लोगों के घरों के उपकरण भी जल जाते हैं। किसानों को भी भारी परेशानी होती है। कम वोल्टेज की वजह से किसानों के बोरवेल की मोटर जल जाती है तथा ज्यादा गर्म होने की वजह से बार बार ट्रिप मार जाती है। मोटर जलने से किसान पर बेवजह आर्थिक बोझ पड़ता है। इन सभी गांवों की तरफ से सांसद धर्मबीर सिंह से मांग की गई थी कि इस समस्या से छुटकारा दिलाया जाए। गांव डालनवास ने नए सब स्टेशन के लिए जमीन का प्रस्ताव भी दिया गया था। गांव के सरपंच ने विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रम में सांसद धर्मबीर सिंह से निवेदन किया था कि पांच गांवों की समस्या का समाधान जल्द-से-जल्द करवाया जाए।



महेंद्रगढ़। इस जगह बनेगा सब स्टेशन। *फोटो : हरिभूमि*

### 33 केवी नए सब स्टेशन को मंजूरी

अब हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड व दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड की तरफ से गांव डालनवास में 33 केवी के नए सब स्टेशन बनाए जाने को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि वर्तमान में इस नए सब स्टेशन को सतनाली स्थित 132 केवी फीडर से बिजली सप्लाई की जाएगी। सतनाली के 132 केवी फीडर पर इसके लिए नई 'बे' भी बनाई जाएगी। इस नए सब स्टेशन के बनाए जाने से गांव बारड़ा, डिगरोता, डालनवास, गादडवास व माधोगढ़ के लोगों को राहत मिलेगी। इस सब स्टेशन के मंजूर होने पर इन गांवों की पंचायतों ने सांसद धर्मबीर सिंह का विशेष आभार व्यक्त करते हुए विधायक कंवर सिंह व हरियाणा सरकार का भी धन्यवाद किया है।

बच्चो, तुमने तोते या किसी अन्य जंतु को मनुष्य की आवाज या विभिन्न तरह की ध्वनियों की नकल करते सुना होगा। ये पशु-पक्षी क्यों और कैसे आवाजों की नकल कर लेते हैं, इस बारे में जानो।



# आवाजों की नकल करने में माहिर होते हैं कुछ पशु-पक्षी

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ पशु-पक्षियों में इंसान की बोली की नकल करने की क्षमता पाई जाती है। कई जंतु तो ऐसे भी होते हैं, जो मनुष्य की बोली के अलावा अन्य स्रोतों से आ रही आवाजों की भी हू-ब-हू नकल कर लेते हैं। तोता, मैना, लायरबर्ड जैसे पक्षी और डॉल्फिन जैसे जलीय जंतु में ये गुण विशेष रूप से पाए जाते हैं। मनुष्य की बोली या फिर किसी आवाज की नकल करने की क्षमता इन जंतुओं की शारीरिक संरचना, मस्तिष्क की संरचना और बुद्धिमत्ता पर निर्भर करती है। इसे विस्तार से जानो-

## विशिष्ट स्वर तंत्र

कुछ पक्षियों में सिरिंक्स नामक एक विशेष अंग स्वरयंत्र होता है, जो उनके श्वास नली में स्थित होता है। यह मनुष्यों के स्वरयंत्र लैरिंक्स से अलग होता है, यह इन पक्षियों में विभिन्न ध्वनियों को उत्पन्न करने में अत्यधिक लचीलापन प्रदान करता है। तोता, मैना और लायरबर्ड जैसे पक्षियों में सिरिंक्स की मांसपेशियां जटिल ध्वनियों को दोहराने में सक्षम होती हैं। लायरबर्ड का सिरिंक्स तो इतना विकसित होता है कि यह चेनसॉ या कैमरे के शटर जैसी यांत्रिक ध्वनियों की भी नकल कर सकता है। पक्षियों के अलावा डॉल्फिन जैसे कुछ स्तनधारी जंतु नाक के छिद्रों और गले की





मांसपेशियों का उपयोग करके ध्वनियां उत्पन्न करते हैं। ये जीव मानव सीटी या क्लिक्स जैसी ध्वनियों की भी नकल कर सकते हैं। उनकी नकल शब्दों तक सीमित होती है। इन प्राणियों में ध्वनि उत्पन्न करने वाली मांसपेशियों पर उच्च स्तर का नियंत्रण होता है, जिससे वे विभिन्न आवृत्तियों और स्वरों को दोहरा सकते हैं।

## उत्कृष्ट श्रवण क्षमता

आवाज या ध्वनि की नकल करने वाले प्राणी उत्कृष्ट श्रवण क्षमता रखते हैं, जो उन्हें जटिल ध्वनियों को सुनने, विश्लेषण करने और दोहराने में मदद करती है। जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट न केवल शब्दों को दोहराता है, बल्कि उनके स्वर और लहजे को भी कॉपी करता है। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरणीय ध्वनियों को सुनकर उन्हें सटीक रूप से दोहराते हैं।

## मस्तिष्क की बुद्धिमत्ता और स्मृति

कुछ पक्षियों, जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट और रेवेन में बड़ा और जटिल मस्तिष्क होता है, विशेष रूप से उनका फोरब्रेन क्षेत्र, जो ध्वनियों को सीखने और



याद रखने में मददगार होता है। न्यूरोलॉजिकल अध्ययनों के अनुसार तोते में एक विशेष मस्तिष्क क्षेत्र होता है, जिसे 'सॉन्ग सिस्टम' कहा जाता है। यह क्षेत्र ध्वनियों को सीखने और उन ध्वनियों को दोहराने में मदद करता है। डॉल्फिन में भी बड़ा मस्तिष्क और जटिल न्यूरल नेटवर्क होता है, जो इसे ध्वनियों को समझने और दोहराने में सक्षम बनाता है।

## सामाजिक संपर्क और प्रशिक्षण

कई बार पालतू पक्षी जैसे तोता-मैना आदि मानव संपर्क में रहने के कारण नकल करते हैं। वे बार-बार सुने गए शब्दों या वाक्यांशों को सीख लेते हैं, उन्हें दोहराते हैं। लायरबर्ड जैसे जंगली पक्षी सामान्य तौर पर प्राकृतिक ध्वनियों (जैसे- पशु-पक्षियों की आवाजें या अन्य ध्वनियां, जो उन्हें सुनाई देती हैं) की ही नकल लेते हैं। लेकिन इंसानों के संपर्क में आने पर, इंसानों की आवाज सुनकर लायरबर्ड्स इंसानी बोली की भी नकल कर सकते हैं। *

## क्यों करते हैं नकल



बच्चो, तुम सोच सकते हो कि ये जंतु आवाजों की नकल क्यों करते हैं? नकल करने का जो कारण है, वह इन प्राणियों के प्राकृतिक व्यवहार, सामाजिक संरचना और अस्तित्व की रणनीतियों से जुड़ा होता है।

**सामाजिक संवाद:** ज्यादातर पक्षी और डॉल्फिन सामाजिक प्राणी हैं। नकल उनकी सामाजिक संरचना का हिस्सा है, जिसके माध्यम से वे अपने समूह के अन्य सदस्यों के साथ संवाद करते हैं। जैसे तोता और मैना अपने झुंड में पहचान स्थापित करने के लिए विशिष्ट ध्वनियों की नकल करते हैं। पालतू होने पर वे मानव को अपने 'झुंड' का हिस्सा मानकर और कभी-कभी उनसे मैत्री भाव दर्शाने के लिए भी उनकी बोली की नकल करते हैं। डॉल्फिन अपने समूह (पॉड) में संवाद के लिए सीटियां और क्लिक्स का उपयोग करती हैं। मानव ध्वनियों की नकल उनके सामाजिक बुद्धिमत्ता का हिस्सा हो सकती है।

**पर्यावरणीय अनुकूलन:** जंगली पक्षी, जैसे कौए और रेवेन पर्यावरणीय ध्वनियों की नकल करके अपने आस-पास के खतरों या अवसरों को समझते हैं। उदाहरण के लिए वे शिकारियों की आवाज की नकल करके अन्य जानवरों को चेतावनी देते हैं। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरण की ध्वनियों (जैसे पानी की आवाज या अन्य पक्षियों की कॉल) की नकल करके अपने क्षेत्र में छिपने या संवाद करने में मदद लेते हैं।

**बुद्धिमत्ता और जिज्ञासा:** अफ्रीकी ग्रे तोते और डॉल्फिन जैसे प्राणी अत्यधिक बुद्धिमान होते हैं। उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता उन्हें नई ध्वनियों को सीखने और दोहराने के लिए प्रेरित करती है। अध्ययनों में पाया गया है कि अफ्रीकी ग्रे तोता 'एलेक्स' न केवल शब्दों को दोहराता था बल्कि उनके अर्थ को समझकर संदर्भ में जवाब देता था, जैसे रंग या आकार के आधार पर वस्तुओं की पहचान करना।

**मानव संपर्क का प्रभाव:** पालतू पक्षी जैसे तोता, मैना और बजरिगर, मानव बोली की नकल इसलिए करते हैं, क्योंकि वे अपने मालिकों के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। यह उनके सामाजिक लगाव का हिस्सा है। मानव द्वारा प्रशिक्षण और पुरस्कार जैसे भोजन या ध्यान आकर्षण भी उन्हें नकल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

पुलकित ने एक दिन अपनी मां को बताया कि वह बड़ा होकर वैज्ञानिक बनेगा। उसका यह सपना पूरा हो, इसके लिए मां ने उसे जो सूत्र दिया, बच्चो तुम भी जानो, अपने सपने पूरे करो।

# पुलकित का सपना



एआई इमेज



प्रेरक कहानी
नीलम राकेश

बारह साल का पुलकित उस दिन मां के पास आकर बोला, 'मम्मी जी, मैंने फैसला कर लिया है कि मैं बड़ा होकर क्या बनूंगा?'

'अरे वाह! यह तो बहुत अच्छी बात है। क्या सोचा है तुमने?' मां ने उत्सुक होकर पुलकित से पूछा।

'मैं बहुत बड़ा वैज्ञानिक बनूंगा।' पुलकित ने बताया।

'अच्छा तो तुम वैज्ञानिक क्यों बनना चाहते हो?' मां ने जानना चाहा।

'मैं बहुत दिनों से सुन रहा हूं, बड़े लोग बात करते हैं, खेती के लिए जमीन की कमी हो रही है। इस तरह तो अनाज की कमी हो जाएगी। इंसान क्या खाएगा? इसीलिए मैंने सोचा है, मैं वैज्ञानिक बनकर इस समस्या का कोई हल खोजूंगा।' पुलकित थोड़ा गंभीर होकर बोला।

'यह तो बहुत अच्छी बात है। तो तुम खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। तभी वैज्ञानिक बनकर तुम अपने सपने को पूरा कर सकोगे।' मां पुलकित के सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोलीं।

पुलकित कुछ आश्चर्य से बोला, ' लेकिन मम्मी आप मेरी बात पर हंसी नहीं? जब मैंने अपने दोस्तों को यह बात बताई तो सबने मेरा खूब मजाक उड़ाया। स्कूल में बहुत से बच्चे मुझे देखते ही कहने लगते हैं-आ गए वैज्ञानिक महाशय।'

'यह तो सफलता का पहला लक्षण है। तुम जरूर एक दिन बहुत बड़े वैज्ञानिक बनोगे।' मां ने बेटे का हौसला बढ़ाया।

'वो कैसे..?' पुलकित ने आश्चर्य से मम्मी से पूछा।

'जानते हो बेटा, हमारे जितने भी महान वैज्ञानिक हुए हैं, वे सब आम लोगों से हटकर सोचते थे। क्योंकि वे समय से आगे की सोचते थे। इसलिए लोगों को लगता कि वो जो कह रहे हैं, वह एक पागलपन है। लेकिन आगे जाकर उनका यही पागलपन यानी लक्ष्य पाने का जुनून किसी बड़े आविष्कार का कारण बना। आज लोग तुम पर हंस रहे हैं, क्योंकि वह तुम्हारी बात नहीं समझ पा रहे हैं। बेटा, लोगों का मजाक उड़ाना भूलकर तुम्हें बस अपने ऊपर विश्वास करके खूब मेहनत और गंभीरता से पढ़ाई करनी चाहिए। अपने लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध रहना है। देखना एक दिन तुम जरूर सफल होगे।'

मां की बात सुनकर नन्हे पुलकित के चेहरे पर विश्वास की आभा तैर उठी। उसने मन ही मन संकल्प लिया वह वैज्ञानिक बनकर कोई ऐसी खोज जरूर करेगा, जिससे देश में इतना ज्यादा अनाज पैदा हो कि लोगों के लिए इसकी कमी ना हो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्रेरित करती कहानियां



बच्चो, वरिष्ठ लेखक गोविंद शर्मा कई दशकों से रोचक, प्रेरक बाल कहानियां लिख रहे हैं। उनकी 36 प्यारी-प्यारी कहानियों की किताब 'मेरी पसंद की बाल कहानियां', शकुंतला कालरा के संपादन में छपकर हाल में ही आई है। ये कहानियां मनोरंजक तो हैं ही, साथ ही हर कहानी में तुमको कोई न कोई प्रेरणा या शिक्षा भी जरूर मिलेगी। 'सोने का अंडा' कहानी कहती है कि लालच हमेशा बुरा परिणाम ही देता है। 'जल की रानी' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह एक नन्ही बच्ची, खरगोश को स्विमिंग पूल में डूबने से बचा लेती है। कुछ इसी तरह की कहानी है 'छत पर पूल', जिसमें बच्चे चिड़िया को बचाने के लिए छत पर तालाब जैसा बना देते हैं। 'काचू की टोपी' कहानी हंसते-हंसाते बताती है कि हमें सच्चाई का रास्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इसी तरह 'जल कंजूस', 'चुटकी भर मिट्टी' और 'पानी में पैसा' जैसी कहानियां पर्यावरण के प्रति सजग बनाती हैं। बच्चो, सभी कहानियां तुम्हें जरूर अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** मेरी पसंद की बाल कहानियां–गोविंद शर्मा, **संपादन:** डॉ. शकुंतला कालरा, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले

**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**रमन:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-श्रेया, रायपुर

**गप्पू:** मेरी बिल्ली अपना नाम खुद बोल सकती है।
**पप्पू:** अच्छा! क्या नाम है तुम्हारी बिल्ली का?
**गप्पू:** म्याऊं।
-अक्षत, बिलासपुर



**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहित:** सर, यही कि वे अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-सारांश, रोहतक

## जीके क्विज-202



1. आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन कहां किया जाएगा?
2. मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का खिताब किसने जीता है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. बोहाग बिहू किस राज्य का प्रसिद्ध उत्सव है?
5. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
6. किस शासक ने ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण कराया था?
7. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
8. दालों में सेहत के लिए लाभदायक कौन-सा तत्व प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?
10. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?

बच्चो, जीके क्विज-202 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-201 का उत्तर :** 1. दिव्या सिंह, 2. सम्राट चौधरी, 3. ताइक्वांडो, 4. भुवनेश्वर कुमार, 5. 1 मई, 6. कृष्णदेव राय, 7. बैकाल, 8. 12 सदस्य, 9. सिस्मोग्राफ, 10. कावेरी

**जीके क्विज-201 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, आनंद-सीतापुर, सौम्या-रायगढ़, स्वप्निल-जांजगीर, हेमंत-बिलासपुर, तरुण-रोहतक, कविता-महासमुंद

कहानी
इंदिरा त्रिवेदी

रिनी, वार्डरोब में अपने कपड़े बड़े ही बेतरतीब ढंग से रखती थी। उसकी इसी लापरवाही पर एक दिन उसके कपड़े, आपस में बात करके अपनी नाराजगी, गुस्सा प्रकट करने लगे। उन्हें इस बात की तकलीफ थी कि वे रिनी से कुछ बोल नहीं सकते। फिर भी क्या रिनी की आदत में कोई सुधार हुआ?

# काश! हम कुछ कह पाते



एआई इमेज

'लो और कपड़े आ गए वार्डरोब के अंदर! वैसे ही वार्डरोब ठसाठस भरी हुई थी।' कहते हुए रिनी की वार्डरोब में रखी शॉर्ट कुर्ती ने मुंह बनाया। यह देख नया टॉप पहले थोड़ा सकुचाया फिर बोला, 'क्या हुआ बहन, क्या कहना चाह रही हो?'

'कुछ नहीं, तुम नए-नए हो इसलिए कुछ नहीं जानते। कुछ समय बाद तुम्हें अपने आप ही पता चल जाएगा।' शॉर्ट कुर्ती रुक-रुक कर बोली। 'क्या बात है बहन, कुछ तो बताओगी या ऐसे ही पहेलियां बुझाती रहोगी!' नए टॉप ने बात जाननी चाही।

'क्या बताऊं भाई, दरअसल रिनी बहुत लापरवाह लड़की है। कोई भी कपड़ा कहीं भी पटक देती है। कपड़े यहां-वहां पटक देना इसने अपनी आदत ही बना ली है। आज मैं जरूर वार्डरोब में धुली और प्रेस की हुई करीने से रखी हूं, लेकिन पिछले चार दिनों से दरवाजे के पीछे पड़ी धूल खा रही थी। रिनी को जब मम्मी की जोरदार डांट पड़ी, तब उसने मुझे धुलने को दिया और प्रेस होने के बाद मैं आज चैन की सांस ले रही हूं। तुम अभी नए नए हो। धीरे-धीरे सब कुछ जान जाओगे।' शॉर्ट कुर्ती ने अपनी परेशानी बताई। यह सुनकर टॉप सोच में पड़ गया, लेकिन रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में जानने की उसकी जिज्ञासा बढ़ गई, बोला, 'अच्छा बहन, रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में थोड़ा और बताओ।'

शॉर्ट कुर्ती बोली, 'घर के सदस्यों के बारे में क्या बताऊं भाई। और लोग तो जितने व्यवस्थित हैं, उतनी ही रिनी लापरवाह है। उसकी एक दीदी है, बेचारी अकसर मशीन लगा-लगाकर कपड़े धोती रहती है। मम्मी भी धुले हुए कपड़ों को तह करके जब देखो तब रखती रहती हैं, लेकिन अपने कपड़ों को तो रिनी को खुद ही संभालना चाहिए न। क्यों सही कहा न मैंने?' 'हां, हां बिल्कुल, अपना काम तो स्वयं ही करना चाहिए। और वैसे भी इतनी छोटी थोड़ी है वो जो अपना काम न कर सके।' टॉप बोला।

'वही तो मैं भी कह रही हूं, नाइंथ क्लास में वह आ गई है, कुछ तो अक्ल आ जानी चाहिए न!' कुर्ती भुनभुनाई। 'हूं..!' टॉप ने हां में हां मिलाई। उसके साथ ही वार्डरोब में रखे अन्य कपड़ों ने भी सिर हिलाकर अपनी-अपनी सहमति दी। शॉर्ट कुर्ती ने देखा कि सभी कपड़े उसकी बात को ध्यान से सुन रहे हैं। यह देखकर वह और जोश में आ गई। सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए बोली, 'एक बार की बात बताऊं?'

'हां-हां बताओ-बताओ..।' सभी कपड़े एक स्वर में बोले। कुर्ती ने जोश में बताना शुरू किया, 'करीब दो महीने पहले की बात है, रिनी अपने चाचाजी के घर गई थी। चाचाजी की एक बेटी रिनी की हमउम्र है। उस दिन रिनी ने मुझे ही पहना हुआ था। मैंने देखा रिनी के चाचाजी का घर बहुत बड़ा, साफ-सुथरा था। घर की हर चीज करीने से सजी हुई थी। रिनी के चाचाजी की बेटी का नाम सोना है। उसका एक अलग कमरा था। कमरे में उसकी दो अलमारियां थीं। एक किताबों की और दूसरी कपड़ों की। जब रिनी सोना के कमरे में गई तो उसने अपना कमरा दिखाया, साथ में अपनी अलमारियां भी रिनी को दिखाईं। दोनों अलमारियां बहुत अच्छी साफ-सुथरी और व्यवस्थित थीं। कपड़ों की अलमारी में घर के कपड़ों का अलग रैक था। स्कूल के कपड़े, टाई, बेल्ट, मोजे, बैज हर चीज अपनी जगह पर रखी हुई थी। शू-रैक में शूज और चप्पलें करीने से जमे हुए थे। यह सब देखकर मेरी तो आंखें फटी की फटी रह गईं, लेकिन रिनी पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। हैरानी की बात तो यह है कि सोना स्वयं अपनी दोनों अलमारी को जमाती है, उसे साफ-सुथरा रखती है।' कुर्ती ने यह भी बताया, 'वैसे यहां मम्मी और दीदी भी अपनी चीजों को अच्छी तरह रखते हैं, लेकिन रिनी ही लापरवाह है। ऐसे में हम कपड़ों की उम्र भी कम हो जाती है।'

तभी एक लाल रंग की फ्रॉक चहकते हुए बोली, 'छोटा मुंह और बड़ी बात, एक बात कहना चाहूंगी कि कपड़े इंसान की शोभा बढ़ाते हैं, यह बात सच है कि नहीं।' अन्य कपड़ों ने भी उसकी बात से सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल सही कहा लाल फ्रॉक तुमने।' नए टॉप ने भी कपड़ों का महत्व माना, वह बोला, 'अगर व्यक्ति साफ-सुथरे और प्रेस किए कपड़े पहनता है तो उसका व्यक्तित्व कुछ खास नजर आता है। और तो और, अच्छे और साफ-सुथरे कपड़े पहनने से मनुष्य का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।' 'लेकिन इन्हें कैसे समझाएं? काश! हम कुछ कह पाते।' सभी कपड़े एक साथ बोल पड़े। यह चर्चा चल ही रही थी कि कमरे का दरवाजा खुला और रिनी के साथ मम्मी और दीदी भी आ गए। रिनी ने अपनी वार्डरोब जैसे ही खोली, धड़धड़ाते हुए कपड़े जमीन पर गिर पड़े। उसने पलटकर देखा तो मम्मी और दीदी उसे गुस्से में देख रही थीं। रिनी बहुत शर्मिंदा हुई। उसने मन ही मन संकल्प कर लिया कि वह भी अपनी अलमारी को सोना की तरह जमाकर अच्छी तरह रखेगी।

उस दिन के बाद से रिनी सुधर गई और अपने कपड़े ही नहीं, अपनी हर चीज को जगह पर और संभालकर रखने लगी। रिनी की इस बदली आदत से सारे कपड़े खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। दीदी और मम्मी-पापा भी रिनी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। *

कविता
राजेंद्र श्रीवास्तव



एआई इमेज

## मच्छर जब आते हैं

रोहन बोला दादा जी से
मच्छर जब आते हैं।
आसपास कानों के आकर
भन-भन-भन्नाते हैं।
जब भी आते खून चूसकर
चुपके से उड़ जाते।
डेंग्यू और मलेरिया ज्वर
ये मच्छर फैलाते।
दादू बोले दोष न इनका
यह है भूल हमारी।
कचरा नमी गंदगी देखो
फैली कितनी सारी।
साफ स्वच्छ जब आसपास का
वातावरण बनेगा।
दूर-दूर तक कोई मच्छर
तो फिर नहीं दिखेगा।

## रंग भरो-200

**रंग भरो-200** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग



अमोल, बेमेतरा



तोयशराज, रायपुर



आशना, जांजगीर



माही, महासमुंद



आर्यन, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय
रियांशी-बहादुरगढ़, विशिका-बिलासपुर, झरना-धमतरी, डॉली-मटियारी, किंजल-जबलपुर, सुमित-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, दिव्या-जांजगीर, कविता-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-हिसार, अंकित-गुना, सुयश-करनाल, रिंकी-बालोद

## रंग भरो 201



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी ड्रॉइंग बना रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप

## आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई रस्म कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** गांव गागड़वास की आंगनबाड़ी केंद्र में वीएचएसएनसी ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण समिति की मासिक बैठक की गई। इस बैठक का आयोजन आशा वर्कर रीना, सुमन देवी एवं पिंकी देवी ने सामूहिक रूप से किया। स्वास्थ्यकर्मी विजय, बीना व सुषमा देवी ने टीकाकरण का महत्व, डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान आंगनबाड़ी सुपरवाईजर मंजू कुमारी के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी वर्कर पिंकी व माया देवी ने आंगनबाड़ी केंद्र में अनीता पत्नी सचिन की गोद भराई रस्म का आयोजन गया।

## नागरिक अस्पताल में पीएमएसएमए कैंप लगाया

**महेंद्रगढ़।** नागरिक अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयप्रकाश के दिशा निर्देश में पीएमएसएमए (प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान) कैंप का आयोजन हुआ। स्वास्थ्य कर्मचारी रणसिंह मालड़ा ने बताया कि कैंप में डॉक्टर ज्योति, डॉक्टर रितिका ने 120 गर्भवती महिलाओं की जांच की एवं उनके अल्ट्रासाउंड करवाए। इसके साथ-साथ परिवार नियोजन कैंप का आयोजन भी किया गया है।

## एसपी ने थाना शहर का किया औचक निरीक्षण

**महेंद्रगढ़।** एसपी ने थाना शहर का औचक निरीक्षण कर कानून एवं व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थाने के विभिन्न अनुभागों की जांच की और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना प्रभारी पवन से थाने के रजिस्ट्रों, अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मालखाना, रिकॉर्ड रूम, पुलिसकर्मियों के मैस तथा थाना परिसर में साफ-सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही पेंडिंग मामलों और जब्त वाहनों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## पीएमश्री स्कूल नायन में विजेता प्रतिभागी सम्मानित

**नांगल चौधरी।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नायन में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता व रचनात्मक कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. महिपाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने गांव में रैली निकालकर एक नागरिक पांच पौधारोपण करने का संदेश दिया। उन्होंने रसायनिक खादों पर अंकुश लगाने व देशी खाद का इस्तेमाल बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विधिक साक्षता क्लब प्रभारी रीना यादव के नेतृत्व में पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## एसोसिएशन ने किया डीसी स्वागत

**महेंद्रगढ़।** नवनियुक्त उपायुक्त अनुपमा अंजलि के लघु सचिवालय पहुंचने पर बार एसोसिएशन प्रधान संदीप यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किया और उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। बार प्रधान ने कहा कि बार एसो. प्रशासन के साथ पूर्ण सहयोग करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि उपायुक्त जनता और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करते हुए लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी।

### दिन के साथ अब रातें भी गर्म, लोगों से सावधान रहने की अपील

# गर्मी के तेवर तीखे, पारा 42 डिग्री हुआ पार, जिले में येलो अलर्ट जारी

- 25 अप्रैल से तेज हवाएं, आंधी और हल्की बारिश/बूंदाबांदी की संभावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में गर्मी अपने तीखे अंदाज से आगाज किए हुए हैं। सम्पूर्ण इलाके में लगातार पारा में उफान देखने को मिल रहा है। वर्तमान में लगातार पश्चिमी शुष्क गर्म हवाओं और सूर्य के तल्ख तेवरों से सम्पूर्ण इलाके में तापमान में उछाल जारी है। सम्पूर्ण इलाके में लगातार दिन व रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। जिससे हीट वेव लूं के हालात बने हुए हैं।

मौसम विभाग की माने तो आगामी तीन चार दिनों तक हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन व रात के तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी और कुछ स्थानों पर हीट वेव लूं की स्थिति बनी रहेगी। जिसकी वजह से भारतीय मौसम विभाग से येलो अलर्ट जारी किया हुआ है। वहीं लगातार एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे, पहला 25/26 अप्रैल को, उसके बाद दूसरा 28 अप्रैल तथा तीसरा 31 अप्रैल को होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव लगातार बादलों की आवाजाही देखने को मिलेगी। इसके अलावा 25 अप्रैल से ही तेज गति की हवाओं, आंधी अंधड़ और बिखराव वाली हल्की बारिश बूंदाबांदी की गतिविधियों की सम्भावना बन रही है। इन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 25-31 के दौरान बार मौसम में बदलाव व तेज गति की हवाओं आंधी अंधड़ व हल्की बारिश, बूंदाबांदी की गतिविधियों की सम्भावना बन रही है। जिला महेंद्रगढ़ में नारनौल व महेंद्रगढ़ के दिन व रात के तापमान क्रमशः 42.7, 26.4 डिग्री सेल्सियस और 40.9, 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जिला में दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं।

### आमजन के लिए सावधानी जरूरी

आमजन को सलाह दी जाती है कि बढ़ती हुई गर्मी और लूं से बचाव हेतु दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने, ज्यादा से ज्यादा पानी पीने व गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने सिर पर तोलिया छाता का प्रयोग की सलाह दी जाती है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार इस समय थार मरुस्थल की तरफ से पश्चिम दिशा से गर्म व शुष्क हवाएं चल रही हैं। पश्चिमी हवाओं से धीरे-धीरे वातावरण से नमी कम होने लगी है, जिसकी वजह से सतही दबाव भी गिर रहा है। इन परिस्थितियों में सूर्य की चमकदार तेज धूप और गर्म हवाएं मिलकर हीट वेव लूं की परिस्थितियों को बनाती हैं। यही कारण है आने वाले दिनों में दिन के साथ रात में भी गर्मी अपने तीखे तेवरों से आगाज करेंगी।

### प्रचंड गर्मी के तीखे तेवरों से धरा हो रही बेजान

कनीना। अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में चिलचिलाती धूप तथा भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप से धरा बेजान होती जा रही है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। उप नागरिक अस्पताल में कार्यरत डॉ. रेनु वर्मा, डॉ. दिनेश कुमार व सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि वे इस मौसम में विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने बताया कि जिले के सरकारी व निजी अस्पतालों में ओपीडी के आधार पर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो चिंता का विषय है। डॉक्टरों के अनुसार लू के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। खासतौर पर बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं व पहले से बीमार व्यक्ति इस मौसम में अधिक संवेदनशील होते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि लोग दिन के सबसे गर्म समय, दोपहर 12 बजे से चार बजे तक घर से बाहर निकलने से बचें। जाना जरूरी हो तो सिर को टोपी, गमछा या छाते से ढककर रखें और पानी की बोतल साथ लेकर चलें। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने।



नारनौल। सभी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने यूट्यूब लाइव सत्र में लिया भाग।

# कक्षा तत्परता कार्यक्रम पर ऑनलाइन ओरिएंटेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से कक्षा तत्परता कार्यक्रम पर शिक्षकों के लिए एक विशेष ऑनलाइन यूट्यूब लाइव ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया गया। जिसमे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने बहुत ही सरल तरीके से विस्तारपूर्वक कक्षा तत्परता कार्यक्रम के विषय में बताया। यह सत्र दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक चला, जिसमें जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक अपने-अपने क्लस्टर विद्यालयों से जुड़कर शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी कक्षा के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि सीआरपी उन बच्चों को सहयोग प्रदान करता है, जो पिछली कक्षाओं की दक्षताओं में संघर्ष कर रहे हैं, साथ ही दक्ष विद्यार्थियों के लिए कक्षा-उपयुक्त गतिविधियों के माध्यम से उनकी सीखने की गुणवत्ता को और बेहतर बनाता है। सत्र के दौरान शिक्षकों को सीआरपी की जानकारी दी गई तथा उन्हें पोस्ट-टेस्ट प्रश्नावली भरने व अपने सवाल दर्ज करने का अवसर भी मिला। सभी शिक्षकों की उपस्थिति और सक्रिय भागीदारी की निगरानी मुख्यालय से की गई।

### कक्षा तत्परता कार्यक्रम प्रभावी पहल

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक ने कहा कि कक्षा तत्परता कार्यक्रम बच्चों की सीखने की यात्रा को सुगम बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस ओरिएंटेशन से शिक्षकों को कार्यक्रम की गहन समझ मिली है, जिससे वे विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से तैयार कर सकेंगे। जिला एफएलएन समन्वयक डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि जिले के सभी क्लस्टरों में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह सुनिश्चित किया गया कि इंटरनेट, ऑडियो-वीडियो व बैठने की व्यवस्था सुचारू रहे। कार्यक्रम से शिक्षकों को न केवल नई रणनीतियों की जानकारी मिली, बल्कि उन्हें बच्चों की सीखने की कठिनाइयों को दूर करने के लिए ठोस उपाय भी प्राप्त हुए। जिले में आयोजित यह लाइव प्रसारण शिक्षकों के लिए एक प्रेरणादायी अनुभव रहा।

# यादव सभा में श्रद्धांजलि सभा, संत परंपरा और शहीदों को नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। श्रद्धांजलि देते सभा सदस्य। फोटो: हरिभूमि

यादव सभा के सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामी श्रणानंद दड़ौली आश्रम के पूर्व महंत के निर्माण दिवस के पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने संत परंपरा के योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों की पहली बरसी पर भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा में मौजूद सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के संयोजक कन्वीनर डॉ. राजबीर सिंह यादव रहे। इस मौके पर यादव सभा के पूर्व प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव, पूर्व उपप्रधान महाबीर सिंह डीपीई, संजय राव पूर्व उपप्रधान, छोटेलाल, बीईओ जगदेव सिंह, बहादुर सिंह थानेदार, रामस्वरूप बोहरा, सूबेसिंह, प्राचार्य लालचंद, विजय सेठ, मास्टर लक्ष्मीनारायण, रामनिवास, संतोष कुमार सूबेदार, संतोष, रामबीर आदि मौजूद थे।

## दुलोठ अहीर में लगाया जागरूकता शिविर

**महेंद्रगढ़।** दुलोठ अहीर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पोषण पखवाड़ा अप्रैल माह के अंतर्गत विशेष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशों व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशी बाला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के किशोरियों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को संतुलित आहार एवं पोषण के प्रति जागरूक करना रहा। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. नवीन कुमार ने प्रतिभागियों को पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। डॉ. नवीन कुमार ने बच्चों के लिए भी उचित पोषण के महत्व को समझाते हुए कहा कि शुरूआती उम्र में सही आहार उनकी शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को स्वच्छता, संतुलित जीवनशैली और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया।

# नागरिकों की समस्याओं का तत्परता से हो समाधानः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कोर्ट रूम में वीरवार को आयोजित किए गए समाधान शिविर में डीसी अनुपमा अंजलि ने जन समस्याएं सुनी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे। डीसी अनुपमा अंजलि ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी सरकारी विभाग तत्परता से जन शिकायतों का निवारण करें, ताकि लोगों को बेवजह सरकारी कार्यालयों के चक्कर ना लगाने पड़ें। शिविर में अवैध कब्जा, पेयजल आपूर्ति, परिवार पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, बिजली आपूर्ति, नगर पालिका व राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं को रखा गया। जिन्हें जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 35 समस्याएं सुनी गई। इस मौके पर एसडीएम योगेश सैनी, एएसपी, सीएमओ डॉ. अशोक कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रमोद कुमार, उप जिला शिक्षा अधिकारी दिलबाग सिंह, तहसीलदार अजय कुमार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग उपनिदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायत सुनते डीसी व एसपी। फोटो: हरिभूमि



# यदुवंशी शिक्षा निकेतन में जेईई उत्तीर्ण छात्रों को किया सम्मानित

**नारनौल।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में जेईई मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए सम्मानित किया गया। परीक्षा में छात्र जीवन ने 99.49 परसेंटाइल, तशविन 98.92, शुभम सैनी 97.8, तक्षित 97.52, हर्ष 97.07, आर्यन राव 96.49, अमन गोयल 96.34, हर्ष कांटीवाल 96.13, चिराग 94.40, मुस्कान 94.26, मोनिका 93.41, नम्रता 92.13, दीपेश 91.71, मुस्कान 91.69, चिराग 91.50, मानव 91.28, प्रिया 91.23 व सौरव 90.54 परसेंटाइल प्राप्त किए। प्रधानाचार्य नरेश कुमार व निदेशिका सुरेश यादव ने कहा कि यदुवंशी परिवार हमेशा से अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए बेहतर मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## लिंगानुपात को खत्म करना सबका कर्तव्य

**महेंद्रगढ़।** गांव देवास में जननी नवजात कन्या के जन्म पर लड़के के जन्मदिन की तरह उत्सव मनाने वाले परिवार को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुआं पूजन प्रथा प्रारंभ करने वाली नपा वाइस चेयरपर्सन मंजू को शिक ने कन्या की माता को सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके साथ समाजसेविका कमलेश जांगड़ा भी उपस्थित रही। गांव देवास में विनोद कुमार के घर कन्या को प्रिया पत्नी आशीष कुमार ने जन्म दिया। परिजनों ने कन्या के जन्म से ही लड़के के जन्म की तरह सभी पारंपरिक रिवाजों की तरह नवजात कन्या की मां का धूमधाम से कुआं पूजन करवाकर बेटा-बेटी में भेदभाव न करने का संदेश दिया।



महेंद्रगढ़। किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ। फोटो: हरिभूमि

# संतुलित उर्वरक उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** गांव मुंडियाखेड़ा में कृषि विज्ञान केंद्र एवं इफको के संयुक्त तत्वावधान में मृदा परीक्षण का महत्व व संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. राजपाल एवं इफको डॉ. आशीष पंवार ने किसानों को बताया कि मृदा परीक्षण के माध्यम से खेत की मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों की सही जानकारी प्राप्त होती है, जिससे फसलों के लिए आवश्यक उर्वरकों का संतुलित व उचित मात्रा में प्रयोग किया जा सकता है।

# जेईई मेंस में गौरव ने पाई सफलता

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव सलीमपुर की सरपंच कुमारी आरती यादव के छोटे भाई गौरव ने जेईई मेंस परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गौरव की इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल है। गौरव की सफलता पर ग्रामीणों ने उसे बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिजनों के अनुसार गौरव शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रहा है और उसने अपनी मेहनत व लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।



**सार्वजनिक सूचना**

मैं, प्रियंका पुत्री श्री पवन जिंदल, निवासी 19, इंदर एन्क्लेव, पश्चिम विहार, नई दिल्ली, घोषणा करती हूँ कि मेरी मूल एमबीबीएस स्नातक डिग्री, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, चरित्र प्रमाण पत्र, इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाण पत्र, परीक्षा प्रमाण पत्र, एमबीबीएस उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, साथ ही मेरी 10वीं कक्षा की मार्कशीट, 10वीं कक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, मेरा आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट और कुछ अन्य दस्तावेज खो गए हैं, जो मेरे तमाम प्रयासों के बावजूद नहीं मिल रहे हैं। यह मेरा सत्य और सही कथन है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं रघुबीर पुत्र रंजित सिंह निवासी मोहल्ला मिश्रवाड़ा नारनौल जिला महेंद्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दीपक उर्फ टिल्लू मेरे कहे सुनने से बाहर है। अपनी मनमर्जी करता है। मैं बेटे दीपक उर्फ टिल्लू को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इससे जो कोई लेन-देन करेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं भूतपूर्व हव. रविंद्र कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद वासी गांव नौलायजा तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम BANARASHI DEVI व जन्म तिथि 10.12.1955 सहवन गलती से दर्ज हो गई थी जो कि मेरी माता का सही नाम व जन्म तिथि उनके सभी दस्तावेजों अनुसार BANARSHI DEVI व सही जन्म तिथि 01.01.1949 है। नियमानुसार नाम व जन्म तिथि ठीक की जाए।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं रसीद पुत्र श्री सिकंदर वासी डाडम, तह. तोशाम जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम तैयब सिंघानिया है। जिनकी जन्म तिथि 8.10.2017 है। आधार कार्ड में बेटे का नाम बेबी-1 लिखा गया, जोकि गलत है। सही नाम तैयब सिंघानिया है। भविष्य में मेरे बेटे को तैयब सिंघानिया के नाम से जाना जाए।

**सूचना**

श्री कृष्ण बाल गोपाल गौशाला बिहाली के त्रिवार्षिक चुनाव के लिए गौशाला बिहाली परिसर में 25 जून 2026 को आम सभा का बैठक होगी। गोशाला के प्रधान कैप्टन महाबीर ने बताया कि इस दिन सभी गौशाला के सदस्य चुनाव में हिस्सा ले। जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन होगा। गोशाला के हर 3 साल बाद चुनाव होते है।

प्रधान - श्री कृष्ण बाल गोपाल गौशाला बिहाली

**नीलामी सूचना**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला अकबरपुर (नांगल चौधरी) के जर्जर भवन का कबाड उवं अनुपयोगी सामान की नीलामी खुली बोली द्वारा 8 मई 2026 सोमवार को प्रातः 10 बजे स्कूल परिसर में लगाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता को 5 हजार की अमानत राशि स्कूल मुखिया के पास जमा करानी होगी। बोली की शेष शर्तें मौके पर बता दी जाएगी। स्कूल कमेटी को बोली निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रहेगा और कमेटी का फैसला ही मान्य होगा।

मुख्यशिक्षक एवं एसएमसी
राजकीय प्राथमिक पाठशाला अकबरपुर (नांगल चौधरी)
संपर्क : 9416368798, 7015272851

### मां चामुंडा देवी मंदिर में कार्यक्रम, पौधों का प्रसाद देकर जागरूकता फैलाने की अनूठी पहल

# पृथ्वी दिवसः पौधे बांटकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। पृथ्वी दिवस पर पौधे वितरित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एवं प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार देर शाम नगर में ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम के साथ पृथ्वी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। शाखा सचिव पवन अरोड़ा व ट्रस्टी नरोत्तम सोनी ने बताया कि यह आयोजन आजाद चौक स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर में संपन्न हुआ, जहां पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन जन तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिवक्ता केके शर्मा थे। अध्यक्षता भाविप के पूर्व अध्यक्ष कवीन्द्र सचदेवा ने की। शाखा अध्यक्ष पवन यादव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर मां चामुंडा देवी की आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को पौधों का प्रसाद वितरित किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का एक अनूठा एवं प्रेरणादायक संदेश था। इस पहल ने उपस्थित लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराया। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं एबीजीपी के जिला समन्वयक डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि छोटे छोटे प्रयास, जैसे नियमित पौधारोपण, जल एवं ऊर्जा संरक्षण तथा संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग, आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। मुख्य अतिथि केके शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि यदि आज समाज इस दिशा में गंभीरता नहीं दिखाता, तो भविष्य में इसके दुष्परिणाम अत्यंत भयावह हो सकते हैं।

### जागरूक उपभोक्ता से पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

कवीन्द्र सचदेवा ने ग्राहक जागरूकता व पर्यावरण संरक्षण के बीच गहरे संबंध को रेखांकित करते हुए कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को अपनाकर एक सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार उपभोक्ता व्यवहार से ही सतत विकास की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जा सकते हैं। धीरज भयाना ने समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने व जागरूक उपभोक्ता बनने की प्रेरणा दी। इस मौके पर पवन यादव, धीरज भयाना, शाखा सचिव पवन अरोड़ा, ट्रस्टी नरोत्तम सोनी, लोकांश भारद्वाज आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### हैप्पी स्कूल में स्पेलाथॉन प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी भाषा दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्पेलाथॉन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपनी भाषा दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता तीन प्रभावशाली चरण प्रथम चरण डिक्टेशन (श्रुतिलेख), द्वितीय चरण जंबल शब्द तथा तृतीय चरण विलोम एवं पर्यायवाची शब्द में संपन्न हुई, जिससे विद्यार्थियों की अंग्रेजी शब्दावली, सही वर्तनी, उच्चारण एवं भाषाई समझ को परखने के साथ-साथ उसे और अधिक सुदृढ़ करने का अवसर मिला।

### जेईई मेन के टॉपर्स को किया सम्मानित

**नारनौल ।** अटेली स्थित एमआर पब्लिक स्कूल में जेईई मेन के टॉपर्स का सम्मान किया गया। जिसमें रोड शो का भी आयोजन किया गया। यह सम्मान समारोह एमआर स्कूल व आकाश इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। जिसमें उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 90 परसेंटाइल से ऊपर रैंक प्राप्त कर जेईई परीक्षा में शामिल होने के लिए काबिल बनाया। इन विद्यार्थियों को संस्था की ओर से नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एमआर ग्रुप चेयरमैन सियाराम यादव व शिक्षा विभाग से डीईओ पद से सेवानिवृत्त डॉ. राजेंद्र यादव के दिशानिर्देशन में चल रहे आकाश इंस्टीट्यूट ने यह उपलब्धि प्राप्त की।

### टॉप 10 में यदुवंशी कॉलेज के पांच विद्यार्थी शामिल

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से एमएससी फिजिक्स के तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी कॉलेज के पांच विद्यार्थियों ने टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया। भारती पुत्री शिवकुमार ने पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं महक पुत्र परमजीत ने पांचवां, रिसवा पुत्री ओमप्रकाश ने छठा, भावना पुत्री करण सिंह ने आठवां व शिखा गुप्ता पुत्री रिंकू ने 10वां स्थान हासिल करके न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता के साथ-साथ यदुवंशी कॉलेज का भी नाम रोशन किया।

### सीएल स्कूल के विद्यार्थियों ने पाई जेईई में सफलता

**नारनौल।** आईआईटी जेईई मेंन्स के घोषित परिणामों में हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने बताया कि जेईई मेंन्स में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों सुमित कुमार पुत्र रणसिंह 98.63 प्रतिशत, गौरव शर्मा पुत्र संदीप कुमार 98.08 प्रतिशत, मयंक सैनी पुत्र देवेन्द्र कुमार 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की है। संस्था के प्रबन्धक निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने विद्यार्थी को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान युग प्रतियोगी परिक्षाओं का युग है। इसलिए प्रत्येक बच्चे को अपने आपको समय के अनुसार तैयार करना पड़ेगा, तभी हम सफलता प्राप्त कर सकते है।

## नगर पालिका ने करोड़ों रुपये की लागत से बनाई है सड़क

# 11 हट्टा बाजार में स्पीड ब्रेकर न होने से रहता है हादसे का खतरा

**दुकानदारों व स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से स्पीड ब्रेकर लगाने की उठाई मांग**

*11 हट्टा बाजार में तेज गति से चल रहे वाहनों से लोगों की सुरक्षा खतरे में, भीड़भाड़ वाले इलाके में रोजाना सैकड़ों पैदल यात्रियों की आवाजाही, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर के व्यस्त 11 हट्टा बाजार क्षेत्र में तेज रफ्तार से दौड़ते वाहनों के कारण आमजन को खतरा बना हुआ है। यहां के दुकानदारों और मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका से बाजार के मुख्य मार्ग पर स्पीड ब्रेकर (रम्बल स्ट्रिप) बनाने की मांग तेज कर दी है। लोगों का कहना है कि इस भीड़भाड़ वाले इलाके में दिनभर सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, जिनमें कई चालक तेज गति से गाड़ियां चलाते हैं। इसके चलते छोटे-बड़े हादसों का डर बना रहता है। इसलिए इस सड़क पर स्पीड़ ब्रेकर बनाना जरुरी हो गया है। बता दें कि नगर पालिका द्वारा शहर का 11 हट्टा बाजार की सड़क का निर्माण करोड़ों रुपये खर्च कर बनाया हैं। पहले यह मार्ग काफी लर्लर अवस्था में था। अब नगर पालिका ने इस सड़क मार्ग का निर्माण करवा दिया हैं। जिसके चलते कई बाइक व वाहन चालक बाजार में अपने वाहन गफलत व लापरवाही से चलाते हैं। जिस कारण हादसे होने का भय बना रहता था। इसलिए नगर पालिका सड़क पर स्पीड़ ब्रेकर बनाने चाहिए, ताकि हादसे में अंकुश हो सकें।


महेंद्रगढ़। सड़क पर नहीं बनाए गए स्पीड ब्रेकर। फोटो : हरिभूमि

### कई बार वाहन टकराने व पैदल चल रहे लोगों के चोटिल होने जैसी घटनाएं हो चुकी

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि बाजार में रोजाना खरीददारी करने वाले सैकड़ों लोग पैदल चलते हैं। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी इस रास्ते से निकलते हैं। मगर सड़क पर स्पीड ब्रेकर या चेतावनी संकेतक नहीं होने के कारण वाहन चालक बिना किसी रोक-टोक के तेजी से गुजरते हैं। पिछले कुछ समय में इस मार्ग पर कई बार वाहन आपस में टकराने और पैदल चल रहे लोगों के चोटिल होने जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने कहा कि समय रहते यदि नगर पालिका ने ध्यान नहीं दिया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। मोहल्लावासियों ने बताया कि 11 हट्टा बाजार महेंद्रगढ़ का प्रमुख व्यापारिक इलाका है, जहां सुबह से देर शाम तक लोगों की आवाजाही रहती है। ट्रैक्टर, छोटे-बड़े वाहन, स्कूटर और मोटरसाइकिलों की आवाजाही यहां लगातार बनी रहती है। ऐसे में यातायात को नियंत्रित करने के लिए सड़क पर ब्रेकर और संकेतक लगाना जरूरी है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द से जल्द ब्रेकर बनाने और यातायात के उचित प्रबंध करने की मांग की है। दुकानदारों ने कहा कि जब तक बाजार के मार्ग पर ब्रेकर नहीं बनते, तब तक दुर्घटनाओं का खतरा बना रहेगा। वहीं नगर पालिका के अधिकारियों ने भी आश्वासन दिया है कि इस मुद्दे को संज्ञान में लिया जाएगा और आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। लोगों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि वह व्यस्त बाजारों में पैदल चलने वालों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे। ब्रेकर बनने से वाहन स्वतः धीमे हो जाएंगे और हादसों की संभावना कम हो जाएगी।

## आरपीएस स्कूल में युवाओं को राष्ट्र सेवा का दिया संदेश



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों से बात करते एनसीसी अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नारनौल स्थित 16 हरियाणा एनसीसी बटालियन के तत्वावधान में वीरवार को क्षेत्र के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए एनसीसी नामांकन की प्रक्रिया और जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एनसीसी के माध्यम से राष्ट्र सेवा और अनुशासित जीवन की मुख्यधारा से जोड़ना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल संदीप ने की। उनके साथ बटालियन की अनुभवी टीम में सब मेजर दानाराम, सूबेदार जसवीर सिंह और हवलदार अनु राणा शामिल रहे। सैन्य अधिकारियों ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। कर्नल संदीप ने कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की एक पाठशाला है।

### युवाओं को सेना के महत्व की दी जानकारी

युवाओं को सेना के महत्व, साहस और बलिदान की कहानियों से प्रेरित करते हुए बताया कि किस प्रकार एनसीसी कैडेट्स में अनुशासन, एकता और निस्वार्थ सेवा की भावना जागृत करती है। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थी के चरित्र का सर्वांगीण विकास करना है। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि एनसीसी युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाती है, जिससे वे भविष्य में देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय के छात्र राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए इतने उत्साहित हैं। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने भी बच्चों को प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि एनसीसी के माध्यम से छात्रों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर मिलता है। विद्यालय हमेशा से ही खेल और रक्षा क्षेत्र में छात्रों की भागीदारी को प्राथमिकता देता रहा है।

## पूर्व डिप्टी सीएम के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग, 27 को उठाएंगे बुलंद आवाजं

- जेजेपी जिला अध्यक्ष राजकुमार खातोद ने की प्रेसवार्ता, सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ घटी घटना से जेजेपी कार्यकर्ताओं में रोष है। इस मामले में पुलिस विभाग और सरकार दोनों का अहम किरदार है। समय रहते हमारी सरकार से मांग है कि वे इस मामले की निष्पक्ष जांच करें और जो दोषी है, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। लेकिन अफसोस की बात है इतना समय बीतने के बाद भी सरकार ने कोई बड़ा कदम नहीं उठाया। इससे जेजेपी कार्यकर्ताओं में गुस्सा है। इसी संबंध में 27 अप्रैल को हिसार में महापंचायत बुलाई गई है। इसमें प्रदेशभर से कार्यकर्ता पहुंचेंगे और अपने नेता के साथ खड़े होंगे। यह बात जेजेपी जिला प्रधान राजकुमार खातोद ने वीरवार प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि इस महापंचायत में जिले से काफी संख्या में लोग जाएंगे। साथ ही पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ हिसार में कथित पुलिस बदसलूकी करने के मामले की निष्पक्ष जांच करने की भी मांग की जाएगी।


नारनौल। प्रेसवार्ता करते जिला अध्यक्ष राजकुमार खातोद। फोटो : हरिभूमि

## एमएलएस डीएवी के लिए गर्व का क्षण

**नारनौल।** एमएलएस डीएवी स्कूल के पूर्व छात्र हिमांशु कुमार पुत्र गौतम कुमार गांव ढोसी ने राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की है। हिमांशु की लगन, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प ने न केवल उनके परिवार बल्कि उनकी संस्था डीएवी का भी नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि वर्तमान विद्यार्थियों के लिए एक उज्ज्वल उदाहरण है कि एकाग्रता और दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य, दूर नहीं है। 22 अप्रैल को आरएएस हिमांशु को विद्यालय में पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया और इस उल्लेखनीय सफलता पर उन्हें बधाई दी गई। हिमांशु यूकेजी कक्षा से एमएलएस डीएवी का विद्यार्थी रहा। स्नातक परीक्षा भी हंसराज डीएवी कॉलेज दिल्ली से ही उत्तीर्ण की। हिमांशु ने डीएवी परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सफलता के पीछे डीएवी परिवार के मार्गदर्शन का विशेष योगदान रहा है। प्राचार्य राजेश कुमार ने विद्यालय परिवार की ओर से हिमांशु कुमार व उनके माता-पिता को बधाई दी।


नारनौल। पूर्व छात्र हिमांशु को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। पुस्तक का विमोचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जीनियस एकेडमी में नई पुस्तक का विमोचन

**महेंद्रगढ़।** जीनियस एकेडमी में विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया। इस दौरान एकेडमी की छात्राओं की ओर से जीनियस प्रकाशन की नई पुस्तक हरियाणा सामान्य ज्ञान का विमोचन किया गया। विश्व पुस्तक दिवस प्रत्येक वर्ष 23 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिवस का आयोजन संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक संगठन, यूनेस्को की ओर से किया जाता है। विश्व पुस्तक दिवस का आयोजन सर्वप्रथम 23 अप्रैल 1995 में किया गया था। एकेडमी परिसर में विश्व पुस्तक दिवस पर एकेडमी निदेशक अमित यादव ने प्रतिभाशाली छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक भेंट की। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारे जीवन में बहुत ही उपयोगी होती हैं। पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र होती है। पुस्तकों से ही विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। चेयरपर्सन सोनिका यादव ने कहा कि सार्वजनिक पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी तथा पुस्तकों के महत्व पर परिचर्चा सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। पुस्तक से संबंधित अनेक गतिविधियां होती हैं।

## ओमसाईराम स्कूल में जनगणना अभियान का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

देश की आगामी जनगणना को आधुनिक और तकनीकी रूप देने के उद्देश्य से प्रशासन की ओर से रमेश सैनी चैयरमैन ने डिजिटल जनगणना स्व-गणना जागरूकता अभियान का भव्य आगाज हुआ। इस कार्यक्रम ने न केवल छात्रों बल्कि क्षेत्र के दर्जनों गांवों को एक राष्ट्र, एक गणना के संकल्प से जोड़ दिया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि एसडीएम योगेश सैनी आईएएस, अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन रमेश सैनी व विशिष्ट अतिथि तहसीलदार अजय कुमार, कॉर्डिनेटर अनिकेत यादव, राजेश शर्मा झाड़ली ने दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल व्यक्तियों की गिनती नहीं है, बल्कि यह देश के संसाधनों के सही वितरण और भविष्य की कल्याणकारी योजनाओं का खाका है। इस बार 'पेपर से पिक्सल' यानी डिजिटल स्व-गणना की शुरुआत डेटा में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करेगी। तहसीलदार अजय कुमार ने भी विद्यार्थियों को इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक लघु नाटिका रही। चेयरपर्सन निशा सैनी ने कहा कि शिक्षा संस्थान समाज में परिवर्तन के सबसे बड़े केंद्र हैं। कार्यक्रम के सहायक चार्ज ऑफिसर जनगणना एवं संयोजक राजेश शर्मा झाड़ली ने कहा कि सटीक जनगणना ही भविष्य की बेहतर योजनाओं का आधार है।



महेंद्रगढ़। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### मॉडर्न स्कूल में पुस्तकों की लगाई प्रदर्शनी

**महेंद्रगढ़।** विश्व पुस्तक दिवस पर मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल चामधेड़ा रोड में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि को बढ़ावा देना तथा पुस्तकों के महत्व को समझाना था। जिसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुस्तक दिवस से संबंधित भाषण, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि पुस्तकें ज्ञान का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत हैं और जीवन को सही दिशा प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के ड्राइंग प्रवक्ता विनोद कुमार ने स्मारिका पुस्तक का विमोचन किया।

### सूरज स्कूल में हुआ एंटी बुलिंग सेमिनार

**महेंद्रगढ़।** स्कूली छात्रों को उत्पीड़न से बचाने व सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सूरज स्कूल में एंटी बुलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को बताया कि बुलिंग क्या है तथा इसके क्या दुष्प्रभाव है। विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष किसी भी प्रकार की बुलिंग में खुद का शामिल नहीं करना चाहिए। बुलिंग अथवा उत्पीड़न के शिकार विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि बुलिंग करना और सहना दोनों ही गलत है। विद्यालय में ऐसी गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है।

### आरपीएस में एनसीसी कैंप की तैयारियां तेज

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थान राव पहलाद सिंह डिग्री कॉलेज में आगामी एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के लिए तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। इसी सिलसिले में वीरवार को 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल के अधिकारियों की विशेष टीम ने कॉलेज परिसर का दौरा कर कैंप लोकेशन का सघन निरीक्षण किया। इस दौरे का नेतृत्व बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर संदीप सिंह ने किया, जबकि उनके साथ सूबेदार मेजर दाना सिंह व क्लर्क गौरव भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। निरीक्षण के उपरांत सैन्य अधिकारियों ने कॉलेज प्रबंधन के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की।

### महानिदेशक ने किया राजकीय कॉलेज का दौरा

**महेंद्रगढ़।** उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकूला के महानिदेशक एस नारायण ने राजकीय महाविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रो. डॉ. अनिल कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। महानिदेशक एस नारायण के महाविद्यालय आगमन पर जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रो. डॉ. अनिल कुमार, प्राचार्य प्रो. विजय यादव तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान महानिदेशक एस नारायण ने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया।

### पद्म पुरस्कार के लिए मांगे आवेदन

**नारनौल।** भारत सरकार की ओर से गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर दिए जाने वाले देश के नागरिक सम्मान पद्म पुरस्कारों (पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्म श्री) के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने बताया कि कला, साहित्य, खेल, चिकित्सा, समाजसेवा, विज्ञान और इंजीनियरिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले व्यक्तियों को इन पुरस्कारों से नवाजा जाता है।

### घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर सख्ती

**नारनौल।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। उपायुक्त अनुपमा अंजलि के दिशानिर्देशों पर कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग की टीमें लगातार नजर बनाए हुए हैं। सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी अरुण सैनी ने बताया कि प्रशासन की इस सख्ती का मुख्य उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं के हक को सुरक्षित रखना और गैस के अनधिकृत उपयोग पर लगाम लगाना है। उन्होंने बताया कि अब तक जिले के विभिन्न हिस्सों में कुल 33 स्थानों पर रेड की गई है। इस कार्रवाई के दौरान विभिन्न ढाबों, होटलों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर 216 घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से इस्तेमाल होते पाए गए। विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इन सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार आगामी कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## रोटरी क्लब ने वितरित की छात्राओं को साइकिल

# उड़ान 2.0 ने भरी बेटियों की उम्मीदों को नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रोटरी क्लब रॉयल्स की ओर से मिशन उड़ान के अंतर्गत उड़ान 2.0 साइकिल वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें जरूरतमंद छात्राओं को साइकिलें वितरित कर उन्हें शिक्षा व आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों के सपनों को पंख देना और उनकी शिक्षा के मार्ग को सुगम बनाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पवारिया थे। विशिष्ट अतिथि जिला परिषद के चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार थे। विद्यालय प्रशासन व रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व प्राचार्या प्रोमिला यादव को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब रॉयल्स के प्रेसिडेंट रोटेरियन दिनेश भार्गव, वाइस प्रेसिडेंट रोटेरियन अनिल यादव, सेक्रेटरी सत्यनारायण सैनी व ट्रेजरार मोहन सैनी सहित सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। क्लब प्रेसिडेंट दिनेश भार्गव ने संक्षिप्त परिचय देते हुए मिशन उड़ान की महत्ता पर प्रकाश डाला और बताया कि यह पहल बेटियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। मुख्य अतिथि तरुण कुमार पवारिया ने रोटरी क्लब के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी पहलें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात जरूरतमंद छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई, जिससे उनके विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी। विशिष्ट अतिथि डॉ. राकेश कुमार ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि बेटियों की शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है।


नारनौल। छात्राओं को साइकिन वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### रोटरी कार्यक्रम से बेटियों को प्रोत्साहन

रोटरी क्लब के प्रयासों को अनुकरणीय बताया व अंत में विद्यालय की प्रिंसिपल प्रोमिला यादव ने सभी अतिथियों व आयोजकों का आभार व्यक्त किया। क्लब के वाइस प्रेसिडेंट रोटेरियन अनिल यादव ने सभी का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की। मंच संचालन प्रवक्ता अंग्रेजी रविन्द्र कुमार ने किया। यह आयोजन न केवल एक सामाजिक पहल के रूप में सफल रहा, बल्कि समाज में बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति सकारात्मक संदेश देने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।